बारिश से पहले हर हाल में हो सड़कों का कार्य पूर्ण हो

# लापरवाह अधिकारियों पर होगी कार्यवाही : निगमायुक्त

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 जून।** मुख्य मार्गों की जो सड़कें स्वीकृत हो चुकी हैं तथा कार्यादेश जारी हो चुके हैं उन सड़कों को बारिश से पूर्व हर हालत में पूर्ण करें तथा जल भराव वाले सभी चिन्हित क्षेत्रों का कार्य पूर्ण करायें, जिससे बारिश में कहीं भी जल भराव की स्थिति न बने। लापरवाही की स्थिति में सभी संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने जनकार्य विभाग की बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को दिए।

बाल भवन के टीएलसी में आयोजित बैठक में निगमायुक्त संघ प्रिय द्वारा शहर के क्षतिग्रस्त मुख्य मार्गों के निर्माण एवं जलभराव वाले चिन्हित स्थानों पर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अपर



आयुक्त प्रदीप तोमर, मुनीष सिकरवार, कार्यपालन यंत्री सुशील कटारे, सुरेश अहिरवार, सहायक यंत्री रजनीश गुप्ता, अमित गुप्ता, राजेश परिहार, अजय शाक्यवार, बृज विहार चंसोलिया, राकेश कुशवाह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में विभिन्न मदों से स्वीकृत मुख्य मार्गों के निर्माण कार्य को लेकर समीक्षा की गई। जिसमें 95 मार्गों का कार्य किया जाना है। जिसमें से ग्वालियर विधानसभा में 25 सड़कों में से 11 का कार्य पूर्ण हो गया है तथा 2 सडकों का कार्य चालू है और 10 सड़कों का कार्य अभी अप्रारंभ है। दक्षिण विधानसभा में 27 सड़कों में से 11 का कार्य पूर्ण हो गया है तथा 6 सडकों का कार्य चालू है और 2 सड़कों का कार्य अभी अप्रारंभ है।

ग्वालियर पूर्व विधानसभा में 33 सड़कों में से 18 का कार्य पूर्ण हो गया है तथा 6 सडकों का कार्य चालू है और 3 सड़कों का कार्य अभी अप्रारंभ है। साथ ही ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा में 10 सड़कों में से 2 का कार्य पूर्ण हो गया है तथा 5 सडकों का कार्य चालू है और 1 सड़कों का कार्य अभी अप्रारंभ है। इसको लेकर निगमायुक्त ने सभी अधिकारियो को निर्देशित किया। जिन सड़कों का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। उन सड़कों का कार्य 7 दिवस में प्रारंभ करायें और जिनका कार्य चल रहा है उन्हें तत्काल पूर्ण करायें।

**नाला सफाई में बाधक बन रहे अतिक्रमणों को तत्काल हटाएं**

बारिश से पहले सभी नालों की सफाई की जाए, नाला सफाई कार्य में कोई अतिक्रमण हो तो उस पर तत्काल कार्रवाई कर हटाएं। नाला सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए। यह निर्देश नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर आयुक्त टी प्रतीक राव, उपायुक्त मुकेश बंसल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने बाल भवन स्थित एक्यूआई मीटिंग हॉल में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में वर्षाकालीन तैयारियों एवं शहर की स्वच्छता की विस्तार से समीक्षा की।

**सीवर सफाई का कार्य प्राथमिकता से करें, जिससे बारिश में न हो जल भराव**

सीवर समस्या के निराकरण के लिए सभी संबंधित इंजीनियर प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें तथा सीवर लाइन की सफाई अथवा सीवर चौक के कार्य संबंधित ठेकेदार से करायें। सीवर सफाई का कार्य सभी गंभीरता से करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। अन्यथा बारिश के दौरान जल भराव की स्थिति में सभी संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही की जावेगी। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने जल प्रदाय एवं सीवर की बैठक के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को दिए।



# समय पर ही होंगे चेंबर चुनाव, आपत्ति खारिज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 जून.** मप्र चेंबर आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के चुनावों को आगे बढ़ाने को लेकर बुलाई असाधारण सभा में चेंबर सदस्य विजय सोमानी द्वारा धारा 12 के तहत लगाई गई आपत्ति शुक्रवार को सदस्यों के आपसी पुरजोर विरोध के बाद खारिज कर दी गई। अब चेंबर की कार्यकारिणी की बैठक 15 जून को शाम बुलाई गई हैं, जिसमे चुनाव अधिकारी की नियुक्ति के साथ ही 18 जुलाई से निर्वाचन का रास्ता साफ हो जायेगा।

हालांकि शुक्रवार को संजीव अग्रवाल कुक्कू और विजय सोमानी ने तर्क रखा कि हम 116 लोगों ने जो पत्र लिखा है उसमे भीषण गर्मी को देखते हुये चुनाव आगे बढ़ाने की मांग संविधान अनुसार ही है, यदि आप 15

**अब 15 को कार्यकारिणी में चुनाव अधिकारी का ऐलान होगा**

जुलाई को आचार संहिता लगा दें तो चेंबर का संविधान भी प्रभावित नहीं होगा और चेंबर सदस्य व प्रत्याशी भी भीषण गर्मी से निजात पा जायेंगे। इसके साथ सबका सम्मान व सबकी बात रह जायेगी। लेकिन कुक्कू व सोमानी की बात सुनकर चेंबर अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने 350 से भी अधिक उपस्थित सदस्यों से असाधारण सभा में कहा कि धारा 17-5 अनुमति नहीं देती है कि इस पर चर्चा कराई जाये। इसलिए असाधारण सभा में यह आपत्ति निरस्त की जाती है। अब 15 जून को कार्यकारिणी की बैठक होगी, जिसमे निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।

संजीव अग्रवाल कुक्कू ने भी अध्यक्ष डा. प्रवीण अग्रवाल की बात का सम्मान रखा। उन्होंने कहा कि सदन मेरे लिये सर्वोपरि है, जो निर्णय सदन करेगा वह मुझे मान्य है।

# छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 जून.** हजीरा थाना क्षेत्र के न्यू बस्ती कांच मिल इलाके में अज्ञात कारणों के चलते एक 20 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, न्यू बस्ती कांच मिल निवासी हरवीर सिंह परिहार की 20 वर्षीय पुत्री प्रांची परिहार छात्रा थी। बीती रात



उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब परिजन किसी काम से उसके कमरे की तरफ गए। कमरा अंदर से बंद था और काफी आवाज देने व दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब अंदर से कोई हलचल नहीं हुई, तो परिजनों को चिंता हुई।।

परिजन आनन-फानन में प्रांची को फंदे से उतारकर नजदीकी अस्पताल ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि कदम उठाने से पहले प्रांची की परिवार में किसी बात को लेकर बहस हुई थी, जिसके बाद वह नाराज होकर अपने कमरे में चली गई थी।

**इनका कहना है..**

कांच मिल क्षेत्र में एक छात्रा द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। मामले की बारीकी से जांच की जा रही है, परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ जारी है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**- जितेंद्र सिंह तोमर, थाना प्रभारी, हजीरा**

## जिला न्यायालय में दिव्यांगों के लिये विधिक शिविर का आयोजन आज

**ग्वालियर 12 जून।** जिला न्यायालय में 13 जून को श्रवण एवं वाक् बाधित दिव्यांगों के लिये विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया जायेगा। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति इस दिन प्रातः 10.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेशव्यापी विधिक साक्षरता शिविर का शुभारंभ करेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि जिला न्यायालय के सभाकक्ष क्रमांक-201 में यह विधिक साक्षरता शिविर आयोजित होगा। शिविर में श्रवण वाक् बाधित व्यक्तियों, उनके परिजनों, शासकीय विभागों, अशासकीय संस्थाओं एवं हितधारक हिस्सा लेंगे।

# स्थापना दिवस पर बिजली कर्मचारियों ने ली सेवा की शपथ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 जून।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के स्थापना दिवस के अवसर पर ग्वालियर सहित विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में भव्य सांस्कृतिक और

**उपभोक्ताओं का हुआ सम्मान**

सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान जहां एक ओर बिजली कर्मचारियों ने निष्ठापूर्वक सेवा करने की शपथ ली, वहीं दूसरी ओर शत-प्रतिशत बिजली बिल का भुगतान करने वाले सजग उपभोक्ताओं को सम्मानित भी किया गया।



स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कंपनी के सभी मैदानी और क्षेत्रीय कार्यालयों में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बिजली कर्मियों द्वारा वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही कार्यालयों में विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में वे उपभोक्ता रहे जो समय पर अपने बिजली बिलों का पूरा भुगतान करते हैं। कंपनी प्रबंधन द्वारा ऐसे आदर्श उपभोक्ताओं को मंच पर सम्मानित कर उनका आभार व्यक्त किया गया। वहीं, विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने मैदानी अमले और कर्मचारियों को कर्तव्य के प्रति सजग रहने और उपभोक्ताओं को बेहतर व निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई।

## जिले के स्कूलों में अपार आईडी दिवस आज

**ग्वालियर 12 जून।** स्कूली बच्चों की अपार आईडी बनाने के लिये राज्य शिक्षा केन्द्र के दिशा-निर्देशों के तहत ग्वालियर जिले में भी हर शनिवार को मेगा अपार आईडी दिवस मनाया जाएगा। इसी क्रम में शनिवार 13 जून को जिले के सभी स्कूलों में अपार आईडी दिवस मनेगा। इस दौरान पालकगणों के सहमति पत्र के आधार पर बच्चों की अपार आईडी बनवाई जाएंगीं। साथ ही आधार में त्रुटि, दस्तावेजों में कमी अथवा अन्य तकनीकी कारणों से लंबित अपार आईडी प्रकरणों का निराकरण भी किया जायेगा। पालकगणों से इस सुविधा का लाभ उठाकर अपने बच्चों की अपार आईडी बनवाने की अपील की गई है।

## अध्यक्ष तोमर ने दिव्यांगजन को दी मोटर ट्राईसाइकिल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 जून।** नगर निगम परिषद अध्यक्ष मनोज तोमर के द्वारा दिव्यांगजन को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल एवं हेलमेट का वितरण किया गया। ट्राई साइकिल मिलने से दिव्यांग को बेहद खुशी हुई, क्योंकि दिव्यांग होने के कारण यह सभी जन चलने में लगभग असमर्थ थे। अब वह बिना किसी सहारे के एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। इस अवसर पर नगर निगम लोक लेखा समिति अध्यक्ष अनिल सांखला सहित



अनेक नागरिक उपस्थित रहे। आमखो स्थित अपने निज निवास कार्यालय से अध्यक्ष मनोज तोमर द्वारा शुक्रवार को दिव्यांग हितग्राही संजीव यादव को ट्राई साइकिल का निःशुल्क वितरण किया गया।

# ऊर्जा मंत्री ने रात्रिकाल में लगाई जन चौपाल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 जून।** ।ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार की रात जन-चौपाल लगाकर जन समस्याओं का निराकरण कराया। उन्होंने उप नगर ग्वालियर के वार्ड नंबर 5 आनंद नगर स्थित बड़ा पार्क माता मंदिर परिसर में रात्रि विश्राम के दौरान जन चौपाल के जरिए स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद किया।

इस अवसर पर लोगों द्वारा बताई गईं जनसुविधाओं से संबंधित समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश ऊर्जा मंत्री तोमर ने संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास और स्नेह ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। तोमर ने कहा कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। सरकार हर गली-मोहल्ले तक विकास योजनायें पहुँचाने के लिये प्रतिबद्ध है। रात्रि विश्राम के उपरांत शुक्रवार की सुबह ऊर्जा मंत्री तोमर ने इस क्षेत्र के बड़े पार्क में संचालित जिम में स्थानीय निवासियों के साथ संवाद कर उनका हालचाल पूछा। साथ ही पार्क और मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में शामिल होकर पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर मंत्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य आम जनता को पर्यावरण से जोड़ना और व्यक्तिगत स्तर पर पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और अपनी माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए शुरू किया गया एक राष्ट्रव्यापी वृक्षारोपण अभियान है।

## पार्षद दल ने किया मल्टीलेवल पार्किंग का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 जून।** नगर निगम परिषद के निर्देश पर नेता प्रतिपक्ष हरिपाल के संयोजन में पार्षद गणों द्वारा सालासर मॉल के पीछे स्थित मल्टीलेवल पार्किंग का निरीक्षण किया गया। जिसमें पार्षद गणों द्वारा मल्टीलेवल पार्किंग के छत को व्यावसायिक उपयोग हेतु किराये पर देने के संबंध में रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

ज्ञात हो कि नगर निगम परिषद द्वारा विगत दिवस सिटी सेंटर सालासर मॉल के पीछे स्थित निगम की मल्टीलेवल पार्किंग के ब्लॉक ए एवं ब्लॉक बी को व्यावसायिक उपयोग हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति के माध्यम से निविदा आमंत्रण के प्रस्ताव पर नेता प्रतिपक्ष हरिपाल के निर्देशन में पार्षद गणों को पार्किंग कि निरीक्षण हेतु निर्देशित किया था। जिसके क्रम में आज नेता प्रतिपक्ष हरिपाल, उपनेता प्रतिपक्ष रवि तोमर, पार्षद नागेन्द्र राणा, अपर्णा पाटिल, सोनू विवेक त्रिपाठी, देवेन्द्र राठौर ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी राजस्व अनूप लिटोरिया ने पार्किंग की छत को लेकर आवश्यक जानकारी दी।

## बिना टिकट और गंदगी फैलाने वाले 50 यात्री पकड़े, वसूला जुर्माना

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 जून।** ग्वालियर-भिंड और इस मार्ग पर चलने वाली ट्रेनों में बिना टिकट व अनियमित यात्रा करने वालों के खिलाफ रेलवे ने एक बड़ा अभियान चलाया गया। मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के निर्देशन में चलाए गए इस वृहद टिकट जांच अभियान से बिना टिकट यात्रा करने वालों में हड़कंप मच गया। दिनभर चले इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान टीम ने कुल 50 यात्रियों को पकड़ा, जिनसे जुर्माने के रूप में 13,950 रुपये का रेल राजस्व वसूल किया गया। इसमें बिना टिकट यात्रा करने वालों के साथ-साथ ट्रेनों व स्टेशनों पर धूम्रपान करने और गंदगी फैलाने वाले यात्री भी शामिल थे।



इस पूरे अभियान का नेतृत्व मुख्य वाणिज्य निरीक्षक रूप सिंह मीना ने किया। कार्रवाई को अंजाम देने में चेकिंग स्टाफ के सदस्य नल सिंह मीणा, अमर सिंह मीणा और मुनेश लाल मीना ने विशेष भूमिका निभाई।

## रेत के अवैध परिवहन में लिप्त तीन डम्फर जब्त

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 जून।** जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इस कड़ी में शुक्रवार को जिला प्रशासन व पुलिस के संयुक्त दल द्वारा भितरवार तहसील के अंतर्गत लुहारी रोड पर चैकिंग के दौरान रेत के अवैध परिवहन में लिप्त तीन डम्फर जब्त किए हैं।

रेत लेकर जा रहे इन डम्फर को रोककर रेत की रॉयल्टी रसीद मांगी गई, जो इन पर उपलब्ध नहीं थी। यह अनियमितता पाए जाने पर तीनों डम्फर विधिवत जब्त कर पुलिस थाना भितरवार की अभिरक्षा में खड़े कराए गए हैं। साथ ही खनिज अधिनियम एवं शासन के अन्य प्रावधानों के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। यह कार्रवाई तहसीलदार शिवदत्त कटारे व नायब तहसीलदार शिवदयाल शर्मा सहित राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अंजाम दी गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में रेत सहित अन्य खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## नीडम रोड स्थित सार्वजनिक शौचालय पर महीनों से लटका ताला

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 जून।** स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बनाए गए सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति शहर में कई स्थानों पर चिंताजनक बनी हुई है। ऐसा ही एक मामला नगर निगम ग्वालियर के जोन क्रमांक-13, वार्ड क्रमांक-58 स्थित नीडम रोड के

**राहगीर और दुकानदार परेशान**

सार्वजनिक शौचालय का सामने आया है, जहां महिला एवं पुरुष दोनों शौचालयों पर लंबे समय से ताला लटका हुआ है। जानकारी के अनुसार वार्ड की भाजपा पार्षद अर्पणा पाटिल ने अपनी निधि से क्षेत्रवासियों और राहगीरों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया था। नीडम रोड से गुजरने वाले नागरिक, व्यापारी, ठेला संचालक एवं महिलाएं-पुरुष आवश्यकता पड़ने पर आसानी से




शौचालय का उपयोग कर सकें। लेकिन वर्तमान में दोनों शौचालय बंद पड़े होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शौचालय पर कई महीनों से ताला लगा हुआ है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को उठानी पड़ रही है, जिन्हें अचानक आवश्यकता होने पर असहज परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। नागरिकों का कहना है कि जब सार्वजनिक सुविधा उपलब्ध है तो उसे नियमित रूप से संचालित भी किया जाना चाहिए। शौचालय बंद रहने के कारण इसके आसपास गंदगी भी बढ़ रही है, जिससे स्वच्छता अभियान के दावों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

**स्थानीय लोगों ने क्या कहा ?**

यह शौचालय लोगों की सुविधा के लिए बनाया गया था, लेकिन कई महीनों से इस पर ताला लगा हुआ है। मजबूरी में लोगों को इधर-उधर जाना पड़ता है। क्षेत्रीय पार्षद या नगर निगम प्राशासन को जल्द से जल्द इसे चालू कराना चाहिए। **- राहुल, स्थानीय निवासी**

महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय बहुत जरूरी सुविधा होती है। जरूरत पड़ने पर कहीं उचित व्यवस्था नहीं मिलती। यदि यह शौचालय नियमित रूप से खुला रहे तो महिलाओं और राहगीरों को काफी राहत मिलेगी। प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

**- आरती, ठेला संचालक**

आईटीएम में पॉक्सो अधिनियम पर हुआ विशेष व्याख्यान का आयोजन

# बाल संरक्षण केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है : डॉ. संदीपा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 जून।** आईटीएम के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ (वूमेन इंपॉवरमेंट सेल) द्वारा पॉक्सो अधिनियम के तहत 'बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण-प्रवेशी लैंगिक हमला' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। संस्थान के अरुणा आसफअली सेमिनार हॉल सिथौली परिसर में आयोजित इस विशेष व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. संदीपा मल्होत्रा (अध्यक्ष परिवार कल्याण समिति, शिक्षाविद् एवं पूर्व अध्यक्ष बाल कल्याण समिति महानगरीय न्यायिक पीठ) शामिल हुईं। इस अवसर पर आईटीएम डब्ल्यूईसी की चेयरपर्सन डॉ. मेघा लहाने, कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रभा दीक्षित, डॉ. प्रियूषा नरवरिया, डॉ. प्रीति सिंह, रवि मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट



प्रोफेसर और छात्र-छात्राएं विशेष रूप से मौजूद रहे।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. संदीपा मल्होत्रा ने कहा कि बच्चों से जुड़े मामलों में समाज के प्रत्येक वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बाल संरक्षण केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि एक सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है। बच्चों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न अथवा दुर्व्यवहार की पहचान समय रहते करना और उचित कार्रवाई सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. मल्होत्रा ने कहा कि जागरूकता ही बाल शोषण की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम है। यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग रहेगा, तो एक सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया जा सकता है।

**आईटीएम शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों और नैतिक मूल्यों के संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है : डॉ. मेघा लहाने**

डब्ल्यूईसी की चेयरपर्सन डॉ. मेघा लहाने ने मुख्यवक्ता डॉ. संदीपा मल्होत्रा के प्रेरणादायी, ज्ञानवर्धक एवं विचारोत्तेजक व्याख्यान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मल्होत्रा द्वारा साझा की गई जानकारी ने प्रतिभागियों को न केवल पॉक्सो अधिनियम और बाल संरक्षण से जुड़े कानूनी पहलुओं की गहन समझ प्रदान की, बल्कि बच्चों के प्रति संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और सजगता के महत्व को भी प्रभावी ढंग से रेखांकित किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस व्याख्यान से प्राप्त ज्ञान प्रतिभागियों को अपने व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगा।

**सवाल-जवाब सत्र का हुआ आयोजन**

व्याख्यान के अंत में सवाल-जवाब सत्र का भी आयोजन किया गया। जहां प्रतिभागियों ने गहरी रुचि दिखाते हुए बाल संरक्षण, पॉक्सो अधिनियम, बच्चों के अधिकारों तथा उनसे संबंधित कानूनी प्रक्रियाओं पर अनेक महत्वपूर्ण प्रश्न किए।

## आज विमानों से 379 यात्रियों ने किया सफर

**ग्वालियर 12 जून.** हवाई अड्डे पर शुक्रवार को अनुसूचित उड़ानों के माध्यम से कुल 379 यात्रियों का आवागमन हुआ। इस दौरान दिल्ली और मुंबई सेक्टर के लिए दो प्रमुख एयरलाइंस की उड़ानों का संचालन किया गया।

विमानन विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, कुल यात्रियों में से 157 यात्री विभिन्न शहरों से आए, जबकि 222 यात्रियों ने यहाँ से अन्य शहरों के लिए उड़ान भरी। दिनभर में कुल 4 विमानों की आवाजाही दर्ज की गई, जिसमें 2 विमानों का आगमन और 2 की रवानगी शामिल है। आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि मुंबई रूट पर यात्रियों का भारी दबाव देखा गया। मुंबई के लिए संचालित इंडिगो की उड़ान (सीटिंग क्षमता 180) में 123 यात्री आए और 169 यात्री यहाँ से रवाना हुए। इस प्रकार मुंबई रूट पर क्षमता के मुकाबले काफी बेहतर ऑक्युपेन्सी दर्ज की गई। इसके विपरीत, अकासा एयर द्वारा संचालित दिल्ली रूट की उड़ान को लेकर यात्रियों में उत्साह कम दिखाई दिया।


**मध्यप्रदेश शासन**
**नगर पालिक निगम, ग्वालियर**

क्रमांक 89/ज.प्र./न.पा.नि./2026 — दिनांक 12/06/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://gmc.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र./ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_514687_1 date 10.06.2026 | एम.एस. केसिंग पाइप 175 मि.मी. व्यास क्रय करने का कार्य | 55,93,865.19 | 10000 41954/- | 25.06.2026 |
| 2. | 2026_UAD_502625_3 date 10.06.2026 | वार्ड क्रमांक 42 मौलिक निधि से नलकूप खनन का कार्य | 7,41,269.00 | 2000 7413/- | 25.06.2026 |
| 3. | 2026_UAD_514623_1 date 10.06.2026 | वार्ड क्रमांक 40 में 50 एवं 80 मि.मी. व्यास की जी.आई. पाइप लाइन बदलने का कार्य | 10,88,940.00/- | 2000 8167/- | 10.07.2026 |
| 4. | 2026_UAD_514642_1 date 10.06.2026 | वार्ड क्रमांक 40 में ब्रिक मिशनरी चेम्बर एवं नवीन एस.एफ. आर.सी. कवर बदलने का कार्य | 10,82,333.00/- | 2000 8117/- | 10.07.2026 |

नोट: -निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन http://gmc.mptenders.gov.in की बेवसाईट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

कार्यपालन यंत्री
जल प्रदाय विभाग
दक्षिण विधानसभा
नगर निगम ग्वालियर

Ro क्र. 423 दिनांक 12/06/26


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95